inextlive

ब्रांडेड के नाम पर नकली शराब बेचने वाले गिरफ्तार



प्रयागराज (ब्यूरो)। झूंसी इलाके से दो शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों ब्रांडेड शराब के नाम पर नकली शराब बेचने का काम करते हैं। दोनों वाराणसी से आ रहे थे। इनको मध्य प्रदेश के चाकघाट एरिया में जाना था। मगर दोनों झूंसी में पकड़ लिए गए। दोनों के पास से ब्रांडेड शराब की बोतल के ढक्कन, क्यूआर कोड और कवरिंग पन्नी बरामद की गई है।

Source: https://www.inextlive.com/uttar-pradesh/allahabad/man-arrested-for-selling-spurious-liquor-in-branded-name-1707938732